दिनांकः 18.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने पार्बती–कालीसिंध–चम्बल लिंक परियोजना में चम्बल नदी पर बनने वाले एक्वाडक्ट, निर्माण को मंजूरी दी।
- कोटा में आज से एमएसएमई एक्सपो–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन करेंगे।
- गुड फ्राइडे पर आज गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं–विश्व विरासत दिवस पर भी प्रदेशभर में कई कार्यक्रम।
- राज्य के पश्चिमी जिलों में भीषण गर्मी और हीटवेव से जनजीवन प्रभावित–बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में स्कूलों का समय बदला।

000

पार्बती–कालीसिंध–चम्बल लिंक परियोजना के तहत चम्बल नदी पर बनने वाले एक्वाडक्ट, निर्माण के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। करीब ढाई किलोमीटर लम्बे इस कार्य की लागत 2 हजार 330 करोड़ रुपए आएगी। इसके पूरा होने पर पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में बसे गोहाटा गांव को जोड़ने की सीधी सुविधा मिल सकेगी। एक्वाडक्ट के माध्यम से कालीसिंध से पानी लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। साथ ही, नवनेरा बैराज से मेज एनीकट तक फीडर निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए भूमि अवाप्ति का अवार्ड जल्द जारी कर प्रभावितों को जल्द नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।
जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने ईआरसीपी को प्राथमिकता से लिया है और इसे तय समय पर पूरा करने के लिए मिशन मोड पर काम किया जा रहा है। 90 हजार करोड रुपये की लागत से संशोधित पीकेसी–ईआरसीपी एकीकृत योजना से राज्य के 17 जिलों को पेयजल सुविधा के साथ ही उद्योगों के लिए जल उपलब्ध होगा।

000

प्रदेशभर में दूरदराज के क्षेत्रों में अन्नपूर्णा भंडार खोले जाएंगे। इनके जरिए किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाए जाएंगे। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने जयपुर में विभागीय अधिकारियों की बैठक में बताया कि राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं के हितों को सुरक्षित करने के लिए गवर्नमेंट अप्रूव्ड टेस्ट सेन्टर खोले जाएंगे। बैठक में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार, राजस्थान राज्य खाद्य आपूर्ति निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेंद्र वर्मा और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

000

शिक्षा नगरी कोटा में आज से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई एक्सपो आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस मेले का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी मौजूद रहेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि एक्सपो के जरिए कोटा की औद्योगिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी।

...............

000

अजमेर के राजकीय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में आज से नए मेडिसन ब्लॉक की शुरूआत हो रही है। इसका उद्घाटन विभानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत तथा नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहेंगे। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद

खरे ने बताया कि अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्वीकृत 37 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से इस ब्लॉक में तीन सौ बैड क्षमता का ब्लॉक बनाया गया है। छह मंजिला भवन में चालीस सुपर स्पेशियलिटी आईसीयू बैड की क्षमता भी होगी। इसके अलावा बीस चिकित्सकों की ओपीडी, दवाई वितरण केन्द्र, सोनोग्राफी, ईसीजी कक्ष सहित विभिन्न सुविधाएं शामिल हैं।

000

आज गुड फ्राइडे है। आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन प्रभु यीशु ने मनुष्यता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारा सुदृढ करने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर प्रदेशभर के गिरिजा घरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। ईसा मसीह के संदेश और सात वचनों को पढ़कर सुनाया जा रहा है। आगामी रविवार को प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में ईस्टर मनाया जाएगा।

000

सिक्ख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब जी का आज प्रकाश पर्व है। इनका जन्म 1621 में अमृतसर में हुआ था। गुरु तेग बहादुर को एक निर्भीक योद्धा के साथ ही आध्यात्मिक विद्वान और कवि के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारों में शबद कीर्तन के आयोजन किये जा रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने और पवित्र गुरबानी सुनने के लिए जा रहे हैं। श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कई स्थानों पर अटूट लंगर लगाए गए हैं।

..............

000

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम – विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट रखी गई है। यह दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए मनाया जाता है। विरासत दिवस पर सभी संरक्षित स्मारकों में आगन्तुकों के लिए निःशुल्क प्रवेश रखा गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की इस पहल का उद्देश्य लोगों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुक और प्रेरित करना है।

..............

विरासत दिवस पर प्रदेश के भी सभी राजकीय संग्रहालयों और पुरातात्विक इमारतों में मुफ्त दर्शनों की सुविधा का पर्यटक आनन्द उठा रहे हैं। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि वहां के ऐतिहासिक मंडल रेल कार्यालय को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। 1884 में बना ये भवन 141 वर्षों का इतिहास समेटे हुए है। इसे भारतीय रेल की धरोहर सूची में शामिल किया गया है।

000

प्रदेश के पश्चिमी भागों में भीषण गर्मी का दौर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में जोधपुर और बीकानेर संभाग के भागों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सरहदी जिलों में कहीं–कहीं तीव्र हीटवेव की स्थिति रही। बीकानेर में सर्वाधिक 45 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। वहीं बाड़मेर, जैसलमेर और फलौदी में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि वहां झुलसाने वाली गर्मी के चलते जिला प्रशासन ने आठवीं तक के स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

................

हनुमानगढ जिले में गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने नहर बंदी और पेयजल आपूर्ति को लेकर इंतजाम करने को कहा। पाली में भी तेज गर्मी और लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार इन दोनों संभागों में आज कहीं–कहीं धूलभरी आंधी चलने की संभावना है। विभाग ने बताया कि 20 अप्रेल से हीटवेव से राहत मिलने की उम्मीद है।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से दो दिवसीय जयपुर नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन आज दो नाटकों का मंचन होगा। समारोह की शुरूआत रवींद्रनाथ टैगोर के लिखे नाटक 'चंडालिका' के मंचन से होगी। कल राजेन्द्र शर्मा के लिखे नाटक 'पर्दा उठने से पहले' का प्रस्तुतिकरण होगा।

000